# एक नज़र पंजाब, हरियाणा की ट्रैक्टर मंडियों पर

अगर आप ट्रैक्टर खरीदने की सोच रहे हैं, और ज़्यादा पैसे खर्च नहीं करना चाहते तो पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में लगने वाले साप्ताहिक मंडियों का दौरा करें, जहां हर तरह के ट्रैक्टर सस्ते दाम में बिक्री के लिए प्रदर्शित किए जाते हैं। ट्रैक्टरों के साथ कृषि यंत्र भी खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

फार्मिंग कॉसमॉस टीम के वालंटियर बलजिंद्र सिंह कोटभारा ने किसानों की सुविधा के लिए पंजाब और हरियाणा कुछ इलाकों में लगने वाली पुराने ट्रैक्टरों की साप्ताहिक मंडियों के बारे जानकारी इकट्ठा की है।

बठिंडा ज़िला की ऐतिहासिक नगरी तलवंडी साबो में हर बुधवार को रोड़ी को जाने वाली सड़क पर ट्रैक्टर मंडी लगती जहां पर पंजाब के अलावा साथ लगते हरियाणा के गाँवों से भी किसान ट्रैक्टर खरीदने-बेचने आते हैं।

हर सोमवार को फ़रीदकोट ज़िला के कोटकपूरा शहर और बरनाला में भी ट्रैक्टरों की मंडी लगती है। इसी तरह, हर वीरवार को बठिंडा के सलाबतपुरा, मानसा ज़िला के झुनीर और हरियाणा के सिरसा ज़िला के डबवाली शहर में बड़े पैमाने पर ट्रैक्टरों और कृषि यंत्रों का व्यापार होता है।

हर रविवार को पंजाब में तीन और हरियाणा में एक जगह ट्रैक्टर मंडियां लगती हैं। मुक्तसर ज़िला के मलोट शहर, मानसा के बुढलाडा व मोगा में, और हरियाणा के फतेहाबाद शहर में ट्रैक्टर मंडियां लगती हैं।

इन मंडियों में देशी-विदेशी कंपनियों के सभी छोटे-बड़े ट्रैक्टर बिक्री के लिए आते हैं। देखने वालों के लिए ट्रैक्टर पर उसका निर्माण वर्ष और कीमत लिखी होती है। इच्छुक व्यक्ति ट्रैक्टर को चला कर भी देख सकते हैं।

**मंडियों की समय सारिणी**

सोमवारः कोटकपूरा, बरनाला

बुधवारः तलवंडी साबो

गुरुवारः सलाबतपुरा, झुनीर डबवाली

रविवारः मलोट, मोगा, फतेहाबाद